इटावा पुलिस
सराहनीय कार्य

प्रेस नोट दिनांक 29.10.2026

इटावा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

- **मात्र 48 घण्टे में चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,**
- **कब्जे से चोरी का सामान एवं 20,100/-रु0 नकद बरामद।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा श्रीमती बबीता सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अवनीश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना इकदिल पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटना कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 28/29.10.2026 की रात्रि को थाना इकदिल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मानिकपुर मोड़ पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि थाना इकदिल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(a) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी की घटना कारित करने वाले व्यक्ति चोरी के सामान के साथ राधिका स्टेट गेट सड़क ग्वालियर बाईपास रोड पर खड़े हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर 03 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछ:-

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों का नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो **उनके कब्जे से 01 मोबाइल फोन, 01 ड्रिल मशीन, 01 पत्थर काटने की मशीन, 01 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 01 पीठू बैग, 01 गर्म बनियान, 01 सेंडो बनियान, 01 अंडरवियर, 01 गमछा, 01 चश्मा, 20,100/-रु0 नकद बरामद** किये गये। पुलिस टीम द्वारा बरामद सामान व रुपयों के सम्बन्ध में कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि उक्त सामान व रुपये हम लोगों ने दिनांक 26.10.2026 को थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत श्री गणेश छात्रावास चोरवरी रोड इकदिल इटावा से चोरी किये थे।

उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में थाना इकदिल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(a) बीएनएस में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

नोट- तीनों अभियुक्त आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध अपहरण, आपराधिक धमकी, चोरी, धोखाधड़ी, चोरी की संपत्ति प्राप्त करने एवं उसे छिपाने/निस्तारित करने, गृहभेदन, हत्या के प्रयास, अवैध शराब, मादक पदार्थों तथा अवैध शस्त्र से संबंधित विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. सौरभ पुत्र जनवेद सिंह निवासी ग्राम रानीपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी **उम्र करीब 28 वर्ष।**
2. नीरज पाण्डेय पुत्र रामकरन निवासी ग्राम मुसावली थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 29 वर्ष।**
3. मनोज तिवारी पुत्र रामकरन निवासी ग्राम मुसावली थाना इकदिल जनपद इटावा **उम्र करीब 38 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(a)/317(2) बीएनएस थाना इकदिल जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहास:-

सौरभ पुत्र जनवेद सिंह

1. मु0अ0स0 139/2023 धारा 366/506 भादवि थाना चौबिया इटावा।
2. मु0अ0स0 44/2016 धारा 379/411 भादवि थाना सैफई इटावा ।
3. मु0अ0स0 188/2019 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सैफई इटावा।
4. मु0अ0स0 141/2022 धारा 379/411 भादवि थाना सैफई इटावा।
5. मु0अ0स0 142/2022 धारा 21/22 एनडीपीएस अधिनियम थाना सैफई इटावा।
6. मु0अ0स0 59/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सैफई इटावा।
7. मु0अ0सं0 263/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सैफई इटावा।
8. मु0अ0सं0 130/2020 धारा 420/411 भादवि थाना फिरोजाबाद साउथ फिरोजाबाद।
9. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना इकदिल इटावा ।

2- **नीरज पाण्डेय पुत्र रामकरन**

1. मु0अ0स0 581/2016 धारा 380/411 भादवि थाना कोतवाली इटावा।
2. मु0अ0सं0 59/2019 धारा 380/411 भादवि थाना जीआरपी इटावा।
3. मु0अ0सं0 145/2019 धारा 414 भादवि थाना जीआरपी इटावा।
4. मु0अ0सं0 164/2020 धारा 380/411/413/414/457 भादवि थाना दिबियापुर औरया ।
5. मु0अ0सं0 166/2020 धारा 307 भादवि थाना दिबियापुर औरया।
6. मु0अ0सं0 167/2020 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना दिबियापुर औरया ।
7. मु0अ0सं0 169/2020 धारा 411/413/414 भादवि थाना दिबियापुर औरया।
8. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना इकदिल इटावा।

3- **मनोज तिवारी पुत्र रामकरन**

1. मु0अ0सं0 244/2026 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना इकदिल इटावा।

बरामदगी:-

1. 01 मोबाइल फोन
2. 01 ड्रिल मशीन
3. 01 पत्थर काटने की मशीन
4. 01 आधार कार्ड
5. 01 पैन कार्ड
6. 01 पीठू बैग
7. 01 गर्म बनियान
8. 01 सेंडो बनियान
9. 01 अंडरवियर
10. 01 गमछा
11. 01 चश्मा
12. 20,100 रु0 नकद

पुलिस टीम:- प्रभारी निरीक्षक श्री विक्रम सिंह चौहान थाना इकदिल मय टीम ।



